स्थित क्षेत्रीय अधिकारी के पक्षपातपूर्ण प्रतिवेदन को आधार पर ही 1992-93 से सहायता संबंधी भुगतान अचानक रोक दिया गया है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उपमंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) वित्तीय वर्ष 1990-91, 1991-92 और 1992-93 के दौरान, मणिपुर में क्रमशः चार सलह और दस स्वैच्छिक संगठनों को हिन्दी की प्रोन्नति के लिए स्वैच्छिक हिन्दी संगठनों को वित्तीय सहायता की योजना के अन्तर्गत हिन्दी की प्रोन्नति के लिए शिक्षा विभाग से वित्तीय सहायता प्राप्त हुई ।

(ख) राज्य स्तर की क्षेत्रीय समितियों की सिफारिशों के आधार पर केन्द्रीय अनुदान समिति इस योजना के तहत हिन्दी की प्रोन्नति के लिए स्वैच्छिक हिन्दी संगठनों को वित्तीय सहायता देने के लिए विचार करती है और सरकार को सिफारिशें देती है ।

(ग) हिन्दी मासिक पत्रिका 'मुमशाकेशा' के प्रकाशन के लिए मणिपुर हिन्दी शिक्षक संघ, इम्फाल को अनुदान संस्वीकृत करने के लिए संबंधित राज्य स्तर की क्षेत्रिय समिति से वित्तीय वर्ष 1992-93, 1993-94 और 1994-95 के दौरान कोई सिफारशें प्राप्त नहीं हुई ।

शैक्षिक संस्थाओं को विदेशी सहायता

4098. **श्री मूलचंद मीणा** : क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1990-91, 1991-92, 1992-93 और 1993-94 के दौरान 1 मार्च, 1994 तक किन-किन शैक्षिक संस्थाओं को कुल कितनी-कितनी विदेशी सहायता प्राप्त हुई और उसका राज्य-वार ब्यौरा क्या है ;

(ख) क्या सरकार ने इस बात को सुनिश्चित करने हेतु जाँच कराई है कि उक्त राशि का उपयोग उन्हीं प्रयोजनों हेतु किया गया है, यदि हाँ तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उपमंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) से (ग) सूचना एकत्रित की जा रही है तथा सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

स्पोर्ट मर्चेंडाइज और केबल आपरेटर्स फेडेरेशन आफ इण्डिया के बीच बैठक

4099. **सैयद सिब्ते रजी** : क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार मीडिया उद्योगपति स्पोर्ट मर्चेंडाइज और केबल आपरेटर्स फेडेरेशन आफ इण्डिया इत्यादि के बीच हुई बैठक को ध्यान में रखते हुए प्रतिलिप्याधिकार अधिनियम में संशोधन करने का विचार रखती है ;

(ख) यदि हाँ, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या इन संशोधनों से देश के दर्शकों को लाभ पहुँचेगा ; और

(घ) यदि हाँ, तो उसका ब्यौरा क्या है, और यदि नहीं तो उसके क्या कारण हैं ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उपमंत्री (कुमारी शैलजा): (क) जी, नहीं ।

(ख) से (घ) प्रश्न नहीं उठते ।

बच्चों को वीरता पुरस्कार

4100. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार ने इस वर्ष वीरतापूर्ण कार्यों के लिए कितने बच्चों को वीरता पुरस्कारों से पुरस्कृत किया है;

(ख) क्या यह सच है कि आभावों में पाले जा रहे इन बहादुर बच्चों का भविष्य अनिश्चित है;

(ग) क्या यह भी सच है कि सरकार इन बच्चों को वीरता पुरस्कार देकर ही अपनी जिम्मेदारी से मुक्त हो जाती है; जो मात्र एक औपचारिकता है;

(घ) प्रति वर्ष पुरस्कृत होने वाले इन अदम्य साहसी बच्चों के भविष्य की ओर ध्यान न दिए जाने के क्या कारण हैं और सरकार के इस उदासीन रुख का इन बच्चों पर क्या असर पड़ेगा;

(ङ) यदि नहीं, तो राष्ट्रीय सम्मान पाने वाले अनेक बच्चों जैसे कि धनबाद(बिहार) के मुहम्मद सुलेमा अंसारी, नेहापुरी (दिल्ली) के मास्टर प्रदीप तथा अन्य बच्चों के साथ होने वाले अत्याचारों पर सरकार/प्रशासन चुप क्यों हैं ;

(च) क्या सरकार की इस संबंध में कुछ करने की योजना है ; और

(छ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं और इन बच्चों को वीरता पुरस्कार प्रदान करने का क्या औचित्य है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (महिला और बाल विकास विभाग) में राज्य मंत्री (श्रीमती वासव राजेश्वरी) : (क) से (घ) वीरता पुरस्कारों की स्थापना भारतीय बाल कल्याण परिषद, नई दिल्ली द्वारा की गई है । इस वर्ष के दौरान 22 बच्चों को वर्ष 1993 के वीरता पुरस्कार प्रदान किए गए । भारतीय बाल कल्याण परिषद इन बच्चों की शिक्षा के लिए सहायता और उन्हें छात्रवृत्तियां देती है ।